हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 फरवरी 2026

08 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट...



09 इटारसी में अटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू...





बजट पर प्रतिक्रिया

# जिले के जनप्रतिनिधियों ने सराहा, कांग्रेस ने बताया अधूरा और निराशाजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को देश का आम बजट पेश किया गया, जिसे लेकर जिले के जनप्रतिनिधियों की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। जहां सत्तापक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने बजट को विकासोन्मुखी और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बताया, वहीं कांग्रेस ने इस बजट को जनता की अपेक्षाओं से दूर करार दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान कल्याण और ग्रामीण-शहरी विकास को लेकर जो बड़े सपने दिखाए गए थे, उन्हें पूरा करने की कोई ठोस रूपरेखा नजर नहीं आती। वहीं, सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों ने दावा किया कि यह बजट आर्थिक मजबूती, बुनियादी ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। कुल मिलाकर, आम बजट को लेकर जिले की राजनीति में पक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी तेज हो गई।

### भाव गिरने के बाद भी बाजार में सन्नाटा

सोने-चांदी के भाव तो पहले ही आसमान छू रहे थे लेकिन पिछले दिनों आई भावों में गिरावट से व्यापारी सोच रहे थे कि बाजारों में रौनक बढ़ेगी, लेकिन भावों के गिरने का असर सराफा बाजार की ग्राहकी पर नहीं पड़ा। रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री ने देश बजट पेश किया,मगर सोने-चांदी के भावों में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिला। रविवार को सोना प्रति 10 ग्राम 1 लाख 65 हजार रहा और चांदी 2 लाख 85 हजार रूपए थीं। हालांकि व्यापारी इस अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण ही मान रहे हैं। सराफा बाजार में इन भावों और ग्राहकों की गैर मौजूदगी से कारीगर और निचले स्तर का व्यापार करने वाले लोग परेशान है, लेकिन सोना और चांदी की चमक भी उसे दूर नहीं कर पा रही है। सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुशील जैन का कहना है कि सोना और चांदी अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण में ऐसे में बजट से कोई राहत नहीं मिली। न ही जीएसटी का कोई लाभ मिलता दिख रहा है। अगर ऐसे ही हाल बने रहे तो कुछ समय में जिला मुख्यालय पर स्थित 93 में से 45 दुकानों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। क्योंकि सोना-चांदी के भाव अधिक होने के कारण सराफा बाजार की रौनक खत्म हो गई है। कर्जा लेकर व्यापार करने वाले व्यापारी ज्यादा हताश नजर आ रहे हैं।

### बजट में सबके लिए समग्र विकास की परिकल्पना



रविवार को पेश हुए देश के आम बजट पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा का कहना है कि यह बजट राष्ट्र के समग्र विकास का बजट हैं यह। इस बजट को सीमित क्षेत्र में नहीं बांट सकते है। इस बजट में आवागमन की सुविधाएं बढ़ाने के लिए 20 राष्ट्रीय राज्य मार्ग और 7 रेल के मार्ग बनाएं जा रहे है। सबसे महत्वकांक्षी योजना है कि वॉटर बेस का निर्माण किया जा रहा है। यानी संचार के सभी माध्यम आसान होने वाले है। गांव-गांव तक इंटरनेट पहुंचेगा। उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में सबसे के लिए समग्र विकास की परिकल्पना की गई है। यह 2047 को रोड़मेप है।

### देश के आम बजट से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा



देश के बजट पर स्थानीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी का कहना है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि रविवार को देश का आम बजट पेश हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा पहले तय किए लक्ष्यों पर फोकस किया गया। इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखते हुए चाहे किसान हो महिला हो, युवा हो या फिर गरीब हो सबका ध्यान रखा गया। यह बजट समावेशी है। यानी सबका साथ सबका विकास। इस बजट से पूरे देश में उत्साह है। हमारा संसदीय क्षेत्र मूलतः कृषि आधारित है। इस बजट से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

### समावेशी विकास, स्थिरता और भागीदारी भावना सुदृढ़ करना



राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने वित्त मंत्री को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें नारीशक्ति का सशक्त उदाहरण बताया। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 देश की आर्थिक दिशा को मजबूती देने के साथ-साथ आम नागरिकों की अपेक्षाओं को केंद्र में रखता है। यह बजट समावेशी विकास, स्थिरता और भागीदारी की भावना को सुदृढ़ करता है। वित्तमंत्री ने आम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उनकी क्षमताओं का विकास करना, ताकि वे भारत की समृद्धि के सशक्त साझेदार बन सकें।

### बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया



रविवार को पेश हुए आम बजट को लेकर सोहागपुर विधायक विजयपाल का कहना है कि केन्द्रीय बजट सर्वागींण विकास को गति देने वाला है। जिसमें किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग व गरीब कल्याण शामिल है। बजट बुनियादी ढांचें के विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्म निर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करता है। यह बजट गांव के गरीब और किसानों को सशक्त बनाएगा, जिससे कृषि को मजबूती मिलेगी।

### 12 साल पहले जो सपने दिखाए थे वह चकनाचूर हुए..



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश का आम बजट पेश किया। इस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे का कहना है कि सूट-बूट वाली सरकार ने 12 साल पहले शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,किसान कल्याण और ग्रामीण-शहरी विकास के जो सपने दिखाए थे, वे आज एक-एककर चकनाचूर हो चुके हैं। इन सभी जरूरी क्षेत्रों में बजट कटौती करके भाजपा सरकार ने साफ कर दिया है कि देश का आम आदमी उसकी प्राथमिकता में नहीं हैं।

### भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, शाम को हुई महाआरती

# माघ पूर्णिमा पर मां नर्मदा की नगरी में उमड़ा भक्तों की आस्था का महासागर

माघ पूर्णिमा नर्मदापुरम में हजारों की भीड़ सुबह से ही नर्मदा घाटों व संत श्रीराम जी बाबा के दरबार में उमड़ने लगी थीं। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। समाधि स्थल पर माथा टेक श्रद्धालुओं ने भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माघ मास की पूर्णिमा पर मां नर्मदा की नगरी में जन सैलाव उमड़ पड़ा। नर्मदा घाटों सहित संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा की समाधि स्थल पर आस्था के साथ श्रद्धालु पहुंचे। हजारों की भीड़ सुबह से ही बाबा के दरबार में उमड़ने लगी थीं।

रामजी बाबा स्थल पर आयोजित भंडारो में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। माघ मास की पुण्यपूर्णिमा के पावन अवसर पर माँ नर्मदा की नगरी में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। तड़के सुबह से ही नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज़ से आए हजारों भक्तों ने मां नर्मदा में पुण्य स्नान कर धर्म लाभ अर्जित किया।

#### श्रीरामजी बाबा दरबार में टेका माथा

पवित्र अवसर पर संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा की समाधि स्थल पर भी श्रद्धालुओं का जनसैलाव दिनभर बना रहा। बाबा के दरबार में भक्तों ने मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा का माहौल बना रहा। वहीं मन्नते पूरी होने पर भक्तों ने श्रीरामजी बाबा प्रागंण में परिवार के बच्चों सहित बड़ों का गुड़ से तुलादान करवाया। इस दौरान तुलादान करवाने वालों की भी भीड़ देखते ही बन रही थी। श्री रामजी बाबा स्थल पर आयोजित विशाल भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। सेवाभाव में लगे स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। माघ पूर्णिमा के इस पावन पर्व ने नर्मदा नगरी को धर्म, आस्था और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। प्रागंण के अंदर और बाहर हो रहे भंडारों में श्रद्धाभाव के साथ भक्त प्रसादी लेने पहुंचे और बैठकर परिवार सहित प्रसाद ग्रहण किया।

#### समाधि स्थल पर रही भीड़

नर्मदा घाटों के साथ-साथ संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा की समाधि स्थल पर भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिनभर बनी रही। सुबह से ही बाबा के दरबार में भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस दौरान समाधि परिसर भक्ति गीतों, जयकारों और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से गुंजायमान रहा। माघ पूर्णिमा के इस पावन पर्व ने नर्मदा नगरी को धार्मिक आस्था के रंग में रंग दिया। प्रशासन व सेवाभावी संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। भंडारों के आयोजन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बाबा के प्रति आस्था और सेवा भावना का यह दृश्य सभी के लिए प्रेरणास्पद रहा। माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया।

#### शाम को हुई आरती में शामिल रहे हजारों भक्त

दिनभर पूजन पाठ का दौर चला, लेकिन शाम को श्रीरामजी बाबा की आरती में समाधि स्थल तक श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। संपूर्ण वातावरण धर्म, आस्था और सेवा की त्रिवेणी से सराबोर नजर आया। माघ पूर्णिमा का यह आयोजन नर्मदा नगरी के धार्मिक इतिहास में एक भव्य अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

#### 28 वर्ष से जारी है विशाल भंडारा

रामजी बाबा प्रांगण के बाहर आयोजित भंडारे का यह 28वां वर्ष हैं। रामजी बाबा भंडारा समिति का संचालक सभी भक्तों के अथक प्रयास से जारी हैं। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

## इटारसी में परिवहन व्यवस्था का टर्निंग पॉइंट, नया बस स्टैंड किया गया शुरू

### राहत का दावा, लेकिन पहले ही दिन बढ़ा किराया, भटके यात्री और उजड़ा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर में करीब तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद तवा कॉलोनी स्थित नया बस स्टैंड रविवार से पूरी तरह संचालित हो गया। इसे शहर को जाम से मुक्ति दिलाने वाला मास्टरप्लान बताया जा रहा है, लेकिन लागू होते ही यह व्यवस्था विवादों और आमजन की शिकायतों के घेरे में आ गई। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए पुराने बस स्टैंड को पूरी तरह बंद कर दिया, जिससे एक बड़े युग का अंत और नई व्यवस्था की शुरुआत हो गई।

#### पहले दिन कैसा रहा हाल?

रविवार सुबह से ही आरटीओ रिंकू शर्मा और सीएमओ ऋतु मेहरा पुलिस बल के साथ मैदान में डटी रही। ओवरब्रिज पर नाकाबंदी कर सभी बसों को नए बस स्टैंड की ओर मोड़ा गया। कभी यात्रियों से गुलजार रहने वाला पुराना बस स्टैंड पहले ही दिन वीरान नजर आया। पहले यात्री रेलवे स्टेशन से पैदल पुराने बस स्टैंड पहुंच जाते थे, लेकिन अब नए बस स्टैंड तक जाने के लिए प्रति सवारी 10 रुपये ऑटो किराया देना पड़ रहा है। इससे नर्मदापुरम जाने वाले यात्री का खर्च 30 से बढ़कर 40 रुपये हो गया है। वहीं केसला ब्लॉक और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले सैकड़ों गरीब छात्रों पर हर महीने 500 से 600 रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। रविवार को नर्मदा स्नान के लिए आए श्रद्धालु नई व्यवस्था से अनजान रहे। कई यात्री पुराने बस स्टैंड पर भटकते नजर आए और जानकारी के अभाव में परेशान होते रहे।

#### पुराना बस स्टैंड सूना, दुकानदारों की चिंता बढ़ी

पुराने बस स्टैंड पर वर्षों से दुकान चला रहे वीरेंद्र मालवीय और संजय यादव ने बताया कि बसों के बंद होते ही ग्राहक पूरी तरह गायब हो गए हैं। दोपहर तक एक पाउच तक नहीं बिका। छोटे दुकानदारों को अपने रोजगार के खत्म होने का डर सताने लगा है। इस पर आरटीओ रिंकू शर्मा ने कहा कि नई व्यवस्था को आत्मसात करने में समय लगता है। नए बस स्टैंड पर सफाई, पंखे और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। शहर के ट्रैफिक सुधार के लिए यही व्यवस्था आगे भी लागू रहेगी।

#### इनका कहना है

नई व्यवस्था को आत्मसात करने में समय लगता है। नए बस स्टैंड पर सफाई, पंखे और शौचालय जैसी सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। शहर के ट्रैफिक को सुधारने के लिए अब यही व्यवस्था लागू रहेगी।

**रिंकू शर्मा**, आरटीओ नर्मदापुरम

### नर्मदापुरम के लाल ने राजस्थान के अजमेर में फहराया परचम, जीता नेशनल मास्टर एथलेटिक्स में स्वर्ण

**नर्मदापुरम।** राजस्थान के अजमेर में 30 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक आयोजित 07वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नर्मदापुरम के वरिष्ठ एथलीट के.एन. त्रिपाठी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 किलोमीटर पैदल चाल (रेस वॉक) स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि से उन्होंने जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 25 खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। केएन त्रिपाठी ने 31 मिनट 26 सेकंड में दूरी पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपनी सशक्त तकनीक और निरंतर गति के बल पर उन्होंने कई प्रतिद्वंद्वियों को 2 से 4 राउंड से पीछे छोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि त्रिपाठी इससे पूर्व भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे मलेशिया (2023), सिंगापुर (2024) और ताइवान (2025) में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीत चुके हैं। त्रिपाठी सपाक्स स्पीक संस्था के जिला अध्यक्ष हैं तथा प्रतिदिन सुबह पुलिस ग्राउंड में उभरते खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। उनकी इस सफलता पर जिले के खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।





### जन्मदिन पर पौधरोपण गरीबों को भोजन कराया



**इटारसी।** युवा कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी चिन्मय नामदेव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक पहल करके एक नई मिशाल कायम की है। नगर के युवाओं में इस पहल की काफी चर्चा है, वही नामदेव की पहल को सराहना भी मिल रही है। दरअसल अपने जन्मदिन के अवसर पर अन्य युवाओं की फूहड़ता के विपरीत सादगी और समरसता का संदेश देते हुए 100 अधिक स्थानों पर पौधरोपण किया। गरीब बेसहारा लोगों को प्रतिदिन भोजन कराने वाली संस्था खाटू श्याम रसोई के माध्यम से सैकड़ों लोगों को भोजन कराया।

### प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था

**नर्मदापुरम।** माशिमं, मप्र द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 की गोपनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने विस्तृत व्यवस्थाएँ लागू की हैं। परीक्षा की गोपनीय सामग्री के वितरण हेतु जिला कलेक्टर के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में सरिता मालवीय, तहसीलदार (नगर) नर्मदापुरम को नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के तहत परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्नपत्रों के बॉक्स वितरित किए जाएंगे। साथ ही प्रश्नपत्रों को संबंधित परीक्षा केन्द्रों के निकटतम थाना अथवा चौकी में सुरक्षित रूप से रखवाना सुनिश्चित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 16 पुलिस थानों में सुरक्षित रखी गई गोपनीय परीक्षा सामग्री को जिले के 78 परीक्षा केन्द्रों तक सुरक्षित पहुँचाने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं।

### स्वच्छता से सजी श्रद्धा, कायस्थ समाज ने चलाया अभियान



**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के प्रति आस्था और पर्यावरण संरक्षण की भावना को साकार करते हुए अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति इकाई ने रविवार को चित्रगुप्त घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। नर्मदा जयंती के पश्चात घाटों पर एकत्रित पूजन सामग्री, फूल-मालाएं, पॉलीथिन और प्लास्टिक बोतलों को समाज के सदस्यों ने श्रमदान कर साफ किया।मातृशक्ति सदस्यों ने हाथों से प्लास्टिक कचरा चुनकर घाट की फर्श को झाड़ू से स्वच्छ किया और अपशिष्ट को डस्टबिन के माध्यम से उचित निपटान हेतु भेजा। वरिष्ठ सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि नर्मदा केवल नदी नहीं बल्कि प्रदेश की जीवन रेखा है, जिसकी स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी है।अभय वर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूजन सामग्री एवं प्लास्टिक कचरा नदी में न डालें। अभियान में मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### संत रविदास की जयंती पर हुए कार्यक्रम

## श्रद्धा सुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद





माघ पूर्णिमा एवं संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर नगर के अंबेडकर वार्ड में रामदास सलरी एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संत रविदास जी महाराज के चित्र पर उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक एवं समाजसेवी अर्जुन लाल मीणा रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व सब-इंस्पेक्टर रमेश चौधरी ने की। मुख्य अतिथि अर्जुन लाल मीणा ने संत रविदास जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने कर्म और सरल भक्ति को ईश्वर प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग बताया।

कार्यक्रम में राघव पटेल, दिनेश नामदेव, देवेश शर्मा, राजेंद्र सिंह तोमर, धनीराम मौर्य, अशफाक खान, योगेश मालवीय एवं सुनील अहिरवार ने संत रविदास जी द्वारा समाज में जागृत चेतना पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम में मनमोहन अग्रवाल, समद खान, ब्रजमोहन मीणा, मुकेश साहू मीणा, संदीप महेश्वरी, घनश्याम गोस्वामी, सतीश अहिरवार, सलमान खान, खालिक अंजुम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों ने 14 राहगीरों को किया घायल, 6 भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में आवारा कुत्तों का आतंक रविवार को देखने को मिला। जहां 14 लोगों पर कुत्ते ने हमला कर उन्हें गहरे घाव दिए। मूकदर्शक नगरीय प्रशासन अगर पहले ही कार्रवाई करता तो यह घटना घटित नहीं होती। कुत्ते के हमले से घायल 14 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे, जिसमें से 6 को भर्ती किया गया और सभी को रैबीज का डोज दिया गया।

यह नर्मदापुरम में पहली घटना नहीं है इसके पहले भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है। रविवार को शहर के मीनाक्षी चौक, आनंद नगर, आदमगढ़ में आवारा कुत्तों ने जमकर आतंक मचाया। घर के बाहर खड़े और राह से गुजर रहे लोगों को उन्होंने अपना निशाना बनाया। रविवार को अचानक बढ़े कुत्तों के हमले से स्थानीय लोग डर के साए में आ गए।

स्वास्थ्य विभाग ने सतर्क रहने और तुरंत इलाज कराने की सलाह सभी मरीजों को दी।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद की नर्मदापुरम जिला बैठक हुई संपन्न

### जिला पालक ने जिले के साहित्यकारों को दिए राष्ट्रवादी आयोजनों के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





अखिल भारतीय साहित्य परिषद की नर्मदापुरम जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को नेचर कैफे में संपन्न हुई। बैठक में परिषद की नर्मदापुरम जिला पालक व भोपाल इकाई महामंत्री सुनीता यादव विशेष रूप से उपस्थित रही। जिला पालक सुनीता यादव ने बैठक में साहित्यकारों को गत वर्ष रीवा में हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में लिये गए प्रस्तावों के अनुसार समाज के बीच राष्ट्रवाद की भावना प्रबल करने के निर्देश दिये। परिषद के नर्मदापुरम् जिला अध्यक्ष सौरभ यादव सूर्य ने मंचासीन अतिथियों जिला पालक सुनीता यादव एवं परिषद के प्रांत सह मीडिया प्रभारी अमित बिल्लौरे का स्वागत किया। इसके बाद परिषद की प्रांत पदाधिकारी कीर्ति वर्मा तथा नर्मदापुरम् जिला महामंत्री प्रकाश शर्मा ने जिला क्षेत्र में परिषद की साहित्यिक गतिविधियों से अतिथियों को अवगत कराया। बैठक के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि राष्ट्रवाद के भाव के साथ परिषद के सभी कार्यकर्ता साहित्यिक गतिविधियों में संलग्न होंगे। इस दौरान सुनीता यादव, अमित बिल्लौरे, कीर्ति वर्मा, आरती शर्मा, रेखा कापसे, प्रमिला किरण, सुभाष यादव, प्रकाश शर्मा, नवीन हरियाले, सुमित काकोड़िया तथा सौरभ सूर्य उपस्थित थे। संचालन आरती शर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप

### पुल केंपस ड्राइव आज

**बैतूल।** जिले के एकमात्र इंजीनियरिंग कॉलेज श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बैतूल में विद्यार्थियों के रोजगार को लेकर एक बड़ा अवसर सामने आया है। प्रसिद्ध मल्टीनेशनल कंपनी स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड द्वारा आज 2 फरवरी दिन सोमवार को कॉलेज कैंपस में पुल केंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस केंपस ड्राइव के माध्यम से सिविल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग ब्रांच में अध्ययनरत विद्यार्थियों का साक्षात्कार के पश्चात चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को न्यूनतम 5.27 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्रस्तावित किया गया है। स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड एक प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनी है, जो भारत के साथ-साथ अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका सहित कई देशों में अपनी शाखाओं के माध्यम से कार्य कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. जे. शाह एवं केंपस ड्राइव के कोऑर्डिनेटर व महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. भावेश खासदेव ने इस पुल केंपस ड्राइव को बैतूल जिले तथा बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए रोजगार की दृष्टि से एक सुनहरा अवसर बताया है।

### भाजपा द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद में बोले प्रदेश अध्यक्ष

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट: हेमंत खंडेलवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के रामकृष्ण बगिया लॉन में आयोजित बजट प्रस्तुतिकरण एवं व्यापारी सवांद के कार्यक्रम को संबोधित करतें हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट प्रस्तुत किया है। वह सिर्फ एक वर्ष का बजट नही बल्कि अगले 10 साल में भारत का भविष्य कैसा होगा उसे ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया बजट है। यह बजट देश की दिशा तय करने वाला एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। श्री खंडेलवाल ने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि सुधार, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रो का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट मे की गई घोषणाओं के अनुसार देश में तीन नए आयुर्वेद संस्थान खुलेगें, मेडिकल टूरिज्म के 5 नए हब बनेगें। नए टेक्सटाईल पार्क की स्थापना होगी, 22 नए जलमार्ग प्रारंभ किए जाएगें एवं 7 हाई स्पीड रेल कारिडोर का निर्माण किया जाएगा। छोटे शहरों में स्थित तीर्थ स्थलो की विकसित किया जाएगा। लखपति दीदीयों की आय बढाने के लिए छोटे छोटे विक्रय केन्द्र खोले जाएगें। उन्होने कहा कि प्रस्तुत बजट में रोजगार सृजन एवं उत्पादकता बढाने पर जोर दिया गया है। आने वाले दशक में भारत वैश्विक निर्माण का सबसे बढा केन्द्र बनेगा। पुराने औद्योगिक सेक्टर को जीवित किया जाएगा। मछली पालन के लिए 500 अमृत जलाशय बनाए जाएगें। डेरी उत्पादो को बढावा मिलेगा। विदेश यात्रा सस्ती होगी। पर्यटन को बढावा देने के लिए बुद्व सर्किट का निर्माण होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि यह बजट विश्वास और विकास का बजट है। बजट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

यह बजट देश को नई दिशा देने वाला बजट है। जिसमें सभी सेक्टरो एवं समाज के सभी वर्गो के विकास की चिंता की गई है। विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि बजट में 5 रिजनल मेडिकल हब बनाने के साथ साथ स्वास्थ्य पेशोवरो के लिए नए संस्थानों का उन्नयन एवं स्थापना का निर्णय भी स्वागत योग्य है। कैंसर सहित कई गंभीर बीमारीयों के उपचार के लिए प्रयुक्त होने वाली कई दवाईयों का सस्ता किया गया है। जो निश्चित ही एक राहत देने वाला कदम है। इस बजट का जितना भी स्वागत किया जाए कम है। इस अवसर पर ब्रज कपूर, गजानंद मोटवानी, नवीन तातेड, प्रेमशंकर मालवीय, श्रीचंद्र हिराणी, मंजीतसिंह साहनी, रमेश मिश्रा, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर सहित प्रमुख व्यापारी, प्रोफेशनल एवं प्रबुद्व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय बजट प्रचार अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने किया एवं अंत में आभार जिला कोषाध्यक्ष दीपक सलूजा ने व्यक्त किया।

## अखंड रामायण पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

क्षेत्र में रविवार का दिन पूरी तरह धार्मिक आस्था और सेवा भाव को समर्पित रहा। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामायण पाठ और भंडारे के कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। शाहपुर आमढाना के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लमटी हनुमान मंदिर में भौंरा निवासी कृष्णकांत मालवीय द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रविवार को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आसपास के ग्रामीणों ने सहभागिता कर प्रसादी ग्रहण की। इसी क्रम में नगर की मिश्रा कॉलोनी में शशिकांत मिश्रा द्वारा रामायण पाठ का आयोजन कर भंडारे का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

## सीताराम नाम बैंक की पास बुक पहुंचेगी अयोध्या

**बैतूल।** श्री राम सुभग दास 1008 फट्टी वाले बाबा की 17वीं पुण्यतिथि 25 फरवरी को श्री अयोध्या धाम में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक वाल्मीकि भवन में 3 दिन पूर्व अयोध्या जाकर सीताराम पुस्तिकाएं जमा की जाएगी जिसे सेवानिवृत्त पटवारी कचरू देशमुख टिकारी प्रतिवर्षानुसार लेकर जाएगें। श्री देशमुख ने बताया कि इस बुक में सीताराम लाल स्याही के पेन से लिखा जाता है। उन्होंने लोगों के द्वारा 3 करोड़ 10 लाख 455 सीताराम शब्द लिखित नाम की पासबुक जमा कर चुके हैं। उन्होने बताया कि जिनके पास भी यह सीताराम लिखित पासबुक है वह 10 फरवरी से 23 फरवरी तक जमा करवा सकते हैं।

# लोजिकल डिस्क्रीपेंसी और अनमेप्ड वोटर्स को मिल रहे नोटिस से घबराहट

> बैतूल विधानसभा के 40 हजार लोजिकल डिस्क्रीपेंसी और 7 हजार अनमेप्ड की श्रेणी में

> अनमेप्ड वोटर की सूची सार्वजानिक की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

समाजवादी जन परिषद ने बैतूल कलेक्टर सहित मध्य प्रदेश के चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी लोजिकल डिस्क्रीपेंसी एवं अनमेप्ड वोटर की सूची सार्वजानिक करने की मांग की है। सजप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मोदी ने बताया कि उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त सहित सभी आयुक्तों को भेजे गए ई-मेल पत्र में इस बात की मांग की है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में हैं, उसमें से भी लगभग 25 प्रतिशत मतदाता इस श्रेणी में है, जिनके सर पर डिलीशन की तलवार लटकी है। उदाहरण के लिए बैतूल विधानसभा के 2 लाख 48 हजार में से जहां लगभग 40 हजार मतदाता लोजिकल डिस्क्रीपेंसी और लगभग 7 हजार मतदाता अनमेप्ड की श्रेणी में हैं। उन्होंने आयोग को लिखे पत्र में कहा कि पश्चिम बंगाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के पालन में आयोग ने पत्र संख्या 23/एसआईआर/2026/ई एस आर में स्पष्ट निर्देश दिया है। 24 जनवरी 2026 तक उपरोक्त श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों के नाम सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत भवनों, ब्लॉक कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाएँ। सजप ने आयोग से यह भी सवाल किया कि मध्यप्रदेश के मामलें में यह प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई जा रही है? इससे भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। साथ ही, ऐसी सूचनाएँ प्राप्त हो रही हैं कि राजनीतिक आधार पर कुछ मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। श्री मोदी ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी व्दारा जारी दैनिक बुलेटिन के अनुसार, 22 जनवरी 2026 की अंतिम तारिख तक पूरे राज्य में कुल 7,929 फॉर्म 6 और 4,666 फॉर्म-7 प्राप्त हुए हैं। जबकि वास्तविकता में प्रत्येक जिले और विधानसभा क्षेत्र से हजारों फॉर्म जमा किए गए हैं, इससे सूची की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है। सजप ने इस सारे मुद्दे पर कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। अनुराग मोदी ने कहा कि जहाँ राहुल गांधी वोट चोरी, वोट चोरी चिल्लाते नहीं थक रहे, वहीं प्रदेश और जिला स्तर पर कांग्रेस जमीन पर कांग्रेस मृत जैसी दिख रही है। कांग्रेस को राहुल की तर्ज पर इस मुद्दे को उठाना चाहिए।

### सजप ने ये रखी मांग

- लोजिकल डिस्क्रीपेंसी एवं अनमेप्ड श्रेणी के मतदाताओं की सूची सार्वजनिक की जाए।
- राजनीतिक आधार पर किसी भी मतदाता के नाम को हटाने की किसी भी कोशिश को रोका जाए
- संपूर्ण एस आई आर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों को शामिल किया जाए।

### न्यायप्रिय और भेदभाव मुक्त समाज का लिया संकल्प

## गुरु घर टिकारी में मनाया गुरु रविदास जी का 649वां प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गुरु घर टिकारी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 649वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा से ज्ञानी परमजीत सिंह ने शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी का भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया। कीर्तन के माध्यम से उन्होंने गुरु रविदास जी के जीवन, विचारों और शिक्षाओं को प्रस्तुत करते हुए मानवता, समानता, प्रेम, कर्म और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र गोले ने कहा कि गुरु रविदास जी 15वीं शताब्दी के भक्ति आंदोलन के महान कवि एवं समाज सुधारक थे। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा के संदेश के माध्यम से सच्ची भक्ति, आंतरिक शुद्धता और सामाजिक समता का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास जी का संदेश है कि यदि मन पवित्र हो तो घर ही तीर्थ बन जाता है। जितेंद्र गोले ने गुरु रविदास जी के प्रसिद्ध दोहे ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन के अन्न। छोटे-बड़े सब सम बसें, रविदास रहे प्रसन्न‍ का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी ने अपने विचारों से न्यायप्रिय, समतामूलक और भेदभाव मुक्त समाज की परिकल्पना की, जो आज भी प्रासंगिक है और लाखों लोगों को प्रेरणा देता है।

# पशु के साथ अप्राकृतिक कृत्य का सामने आया वीडियो, घटना से तनाव

### आक्रोशित लोगों ने दुकानें जलाईं, तोड़फोड़ की, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पशु के साथ अप्राकृतिक कृत्य किये जाने का वीडियो सामने आने के बाद दामजीपुरा में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। यहां आक्रोशित कुछ अज्ञात लोगों ने दो दुकानों को जला दिया, वहीं अन्य कुछ दुकानों में तोडफोड़ किये जाने की भी जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि जो दुकानें आग के हवाले की गई, इनमें से एक आरोपी की दुकान है। इधर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। घटना के बाद से तनाव का माहौल है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, वीडियो सामने आने के बाद सुबह 10 बजे से ही बवाल शुरू हो गया था। आक्रोशित भीड़ ने सबसे पहले आरोपी की दुकान में आग लगा दी। इसके बाद पास की एक अन्य दुकान में भी तोडफ़ोड़ कर आगजनी कर दी। घटना की खबर फैलते ही हिंदू संगठनों में गुस्सा भडक़ उठा और आसपास के जिलों से भी लोग दामजीपुरा पहुंचने लगे। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन भी हरकत में आया। एसपी वीरेंद्र जैन और प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन भी मौके के लिए रवाना हो गये। हालात को काबू करने के लिए भैंसदेही, चिचोली और मोहदा थानों का पुलिस बल मौके पर भेजा गया है। पुलिस लाइन से वज्र वाहन और अतिरिक्त बल सुबह 11.45 बजे रवाना किया गया। दोपहर करीब 1.35 बजे पुलिस फोर्स गांव पहुंची। पुलिस ने मौके पर मौजूद भीड़ को हटने के लिए कहा और स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की। फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में है। सूत्रों के अनुसार, घटना के दौरान दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

**नियंत्रण में स्थिति**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल को तुरंत मौके पर भेजा गया। जिस युवक पर आरोप है, उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल को तैनात रखा है। जो पांच टीन शेड की दुकाने थी, वह अतिक्रमण बताया जा रहा है। उनमें आगजनी हुई है। इसमें भी कार्रवाही की जा रही है। फरियादियों को बुलाया गया है। जो भी तथ्य सामने आयेगे, उसके आधार पर कार्रवाही की जायेगी।

**वीरेंद्र जैन**, पुलिस अधीक्षक, बैतूल

### तैयारियों को लेकर बारात समिति की अहम बैठक

# 15 फरवरी को निकलेगी ऐतिहासिक शिव बारात



शिव बारात को भव्य बनाने जुटी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

विगत छह वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही शिव बारात का आयोजन इस वर्ष भी 15 फरवरी को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में किया जाएगा। इस आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से श्री शम्भू भोले शिव बारात उत्सव समिति द्वारा 01 फरवरी, रविवार को दोपहर 2 बजे एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष शिव बारात के अंतर्गत 08 फरवरी से 14 फरवरी तक विभिन्न प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किए जाएंगे, जबकि 15 फरवरी को शिव बारात नगर में भव्य रूप से निकाली जाएगी। बैठक का उद्देश्य मंगलोत्सव एवं शिव बारात को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से शिव बारात को ऐतिहासिक बनाने हेतु कई अहम प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। इनमें बारात मार्ग पर सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था करने, महिलाओं के समूह में महिला वालेंटियर नियुक्त करने, आयोजन के दौरान 20 वॉकी-टॉकी की व्यवस्था करने का प्रस्ताव शामिल रहा। इसके साथ ही मंदिर परिसर एवं आसपास प्रतिदिन साफ-सफाई, सात दिन चलने वाले उत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग श्रृंगार किए जाएंगे।

## श्रीराम के अनन्य भक्त थे संत रविदास: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

पाढर मंडल के ग्राम बांसपानी स्थित बूथ क्रमांक 360 में मंडल स्तर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल जौंजारे के निवास पर किया गया, जहां संत रविदास जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई और उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष नन्दन यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए जीवनभर कार्य किया और समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। संतों में गुरु रविदास जी का नाम श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। जनपद सदस्य माधोराव नानकर ने कहा कि संत रविदास जी अपने गुरु रामानंद जी की प्रेरणा से श्रीराम भक्ति में लीन हुए। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राम भक्ति और समाज सुधार के कार्यों में समर्पित कर दिया।

## खेत में लगी आग, मक्के की फसल, पशु चारा और सिंचाई पाइप जलकर खाक

**मुलताई।** ग्राम खतेड़ाकला में रविवार दोपहर एक खेत में आग लगने से किसान बंशीलाल देशमुख को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस घटना में उनकी मक्के की फसल, पशु चारा और सिंचाई पाइप जलकर नष्ट हो गए। यह घटना दोपहर करीब 1.30 बजे हुई। आग लगते ही खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ड्राइवर राकेश पवार और गिरीश पिपले सहित फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता से आग पर काबू पाया। इससे आसपास के खेतों में खड़ी अन्य फसलें सुरक्षित बच गईं। पीड़ित किसान बंशीलाल देशमुख ने बताया कि इस आगजनी से उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने खेतों में आग लगने की लगातार हो रही ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### अतिथि विद्वानों के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भेंट कर रखी मांगे

# अतिथि विद्वानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा: हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल से अतिथि विद्वान नियमितीकरण संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट कर उन्हें मप्र के शासकीय महाविद्यालयों के रिक्त पद के विरुद्ध अतिथि विद्वानों के भविष्य की सुरक्षा के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डॉ. सुदामा कोकाटे और डॉ. विनय राठौर ने कहा कि लगभग 25 वर्षों से प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरुद्ध कार्यरत अतिथि विद्वानों से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है। डॉ. सपना चंदेल और डॉ.साधना ठाकुर ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की सेवा करते हुए कई अतिथि विद्वान आयु सीमा को पार कर चुके हैं तथा बढ़ती उम्र, पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों की वजह से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता नहीं अर्जित कर पा रहे हैं। जिस वजह से समाज के उच्च शिक्षित वर्ग के साथ ही परिवारों का भी भविष्य अंधकारमय है। डॉ.वीरेन्द्र चौहान और डॉ.नितेश कनाठे ने कहा कि अतिथि विद्वानों के उम्र और अनुभव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कार्यरत अतिथि विद्वानों को हरियाणा सरकार के पैटर्न पर



समायोजित किया जाए। डॉ. राजेश माथनकर और डॉ. मनीष मुंडे ने मांग रखी कि प्रदेश में कार्यरत अतिथि विद्वानों के पदों को सुपरन्यूमरेरी, डाइंग कैडर मानकर भविष्य सुरक्षित किया जाए। जिस पर हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अतिथि विद्वानों के साथ अन्याय नहीं होने दुंगा और आपकी मांग को संबंधित मंत्रालय के समक्ष रखुंगा। संघ ने श्री खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देते पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के डॉ.सुरेन्द्र जीतपुरे, डॉ मगरदे, डॉ गजानंद ठाकरे, डॉ.अभिजीत सरसोदे, डॉ.मोहनलाल सूर्यवंशी, डॉ.उमेश डोंगरे आदि रहे मौजूद।

# नगर में आवारा कुत्तों का आतंक, एक दिन में 20 लोग शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और हालात अब चिंताजनक स्तर पर पहुँच चुके हैं। शनिवार सुबह से देर शाम तक नगर के विभिन्न इलाकों में आवारा कुत्तों के हमलों से दहशत का माहौल बना रहा। एक ही दिन में 20 से अधिक लोग कुत्तों के काटने से घायल होकर शासकीय अस्पताल पहुँचे, जिससे स्वास्थ्य विभाग पर भी दबाव बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार बीते करीब पंद्रह दिनों में कुत्तों के काटने से घायल होने वाले लोगों की संख्या एक सैकड़ा के पार पहुँच चुकी है। यह आंकड़ा नगर में बढ़ते खतरे की गंभीरता को दर्शाता है। पीड़ितों में महिलाएं, बुजुर्गों के साथ-साथ छोटे बच्चे भी शामिल हैं, जिससे अभिभावकों में गहरी चिंता व्याप्त है। चिंताजनक पहलू यह है कि आवारा और कथित पागल कुत्ते छोटे बच्चों को लगातार निशाना बना रहे हैं। कुत्तों के हमले में घायल एक नाबालिग बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। इस घटना के बाद से शहर में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

### बढ़ती संख्या, कुत्तों के बच्चे भी बना रहे शिकार

नगर में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़े कुत्तों के साथ-साथ कुत्तों के बच्चे भी राहगीरों और बच्चों पर हमला कर रहे हैं। सुबह-शाम स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मॉर्निंग वॉक पर निकलने वालों में खासा डर देखा जा रहा है। आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को देखते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने एसडीएम से मुलाकात कर इस मामले में शीघ्र और ठोस कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

### नगर पालिका व प्रशासन पर उठे सवाल

लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद नगर में आवारा कुत्तों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से नागरिकों में नगर पालिका और प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द ठोस कार्ययोजना बनाकर आवारा कुत्तों को पकडऩे, नसबंदी और अन्य आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि आमजन विशेषकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आगजनी में युवक 75 प्रतिशत झुलसा, गंभीर

**इटारसी।** शहर की एलकेजी कॉलोनी में शनिवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां लगभग 18 वर्षीय एक युवक आगजनी का शिकार हो गया। घटना में युवक बुरी तरह झुलस गया है, जिसे उपचार के लिए तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक करीब 75 प्रतिशत तक जल चुका है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहाँ डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। फिलहाल आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए बारीकी से जांच कर रही है।

### आज 3 घंटे तक बंद रहेगी सप्लाई

**इटारसी।** शहर के बूढ़ी माता उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार, 2 फरवरी को विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक मालवीय गंज, गांधीनगर और नाला मोहल्ला फीडर से जुड़े क्षेत्र।
सुबह 11 से दोपहर 02 बजे तक : टेलीफोन एक्सचेंज, बोरतलाई और सोनासावरी फीडर से संबंधित समस्त क्षेत्र। विद्युत विभाग के अनुसार समय को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

### नपा अध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य कि प्रगति कि समीक्षा की

# इटारसी में अटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू, कुछ कॉलम भी डाले गए

बैल बाजार, पुराना बस स्टैंड और तेरहवीं लाइन के पास प्रस्तावित अटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य अब तेज़ी से चल रहा है। निर्माण स्थल पर लेआउट डलने के साथ ही कुछ कॉलम भी लगाए जा चुके हैं। नपा अध्यक्ष ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा बैल बाजार, पुराना बस स्टैंड, तेरहवीं लाइन के पास प्रस्तावित अटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। निर्माण स्थल पर लेआउट डलने के साथ ही कुछ कॉलम भी डाले जा चुके हैं। रविवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति देखी। इस दौरान पार्षद अमित विश्वास, आशीष मालवीय भी उपस्थित रहे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर बनाए जा रहे इस आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लेकर शहर के व्यापारियों और स्टार्टअप की योजना रखने वाले युवाओं में खासा उत्साह है। उन्होंने बताया कि दुकानों को लेकर कई लोगों की ओर से पूछताछ भी प्राप्त हो चुकी है। अध्यक्ष चौरे ने कहा कि कॉम्प्लेक्स में बरसाती पानी के संरक्षण के लिए दो रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाएंगे। वहीं सड़क और पार्किंग क्षेत्र में सीमेंट के स्थान पर उच्च गुणवत्ता के पेबल ब्लॉक लगाए जाएंगे।

#### आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

अटल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में ग्राहकों और दुकानदारों की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, पर्याप्त पार्किंग स्पेस, हरियाली के लिए आकर्षक पौधे, पेयजल सुविधा और बाउंड्रीवाल जैसी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

#### 3 साइज में बनेंगी 30 दुकानें

नगरपालिका द्वारा कुल 30 डबल स्टोरी दुकानों का निर्माण किया जाएगा, जो तीन प्रकार की होंगी।

| | |
|---|---|
| ए टाइप : | 12 दुकानें (11.6 x 23 फीट) |
| बी टाइप : | 10 दुकानें (14 x 23 फीट) |
| सी टाइप : | 8 दुकानें (14 x 23 फीट) |

अनुमानित

#### 4 करोड़ की लागत, नपा को मिलेगा बड़ा राजस्व

नपा अध्यक्ष ने बताया कि इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दुकानों की नीलामी से नगरपालिका को 10 से 12 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की संभावना है। निर्माण लागत निकालने के बाद 6 से 8 करोड़ रुपये की शुद्ध आय होगी, जिसका उपयोग शहर के विकास कार्यों में किया जाएगा। इसके अलावा दुकानों से प्रतिमाह किराया भी नपा को प्राप्त होगा।

## रविदास जयंती में समानता, सामाजिक न्याय, मानव गरिमा का संदेश दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

अहिरवार समाज में वार्ड नंबर 1 खेड़ापति मंदिर माता मोहल्ला में संत रविदास जी की 649 जयंती मनाई इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा संत रविदास एक दार्शनिक रहस्यवादी कवि समाज सुधारक एवं ईश्वर के सच्चे अनुयाई थे संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त उच्च नीच भेदभाव और असमानता के विरुद्ध आवाज बुलंद की एवं समानता सामाजिक न्याय मानव गरिमा का संदेश दिया रविदास जी का मानना था कि सभी धार्मिक ग्रंथो में परमेश्वर का ही गुणगान किया है रविदास जी के दोहे भक्ति समानता एवं कर्म की महत्ता पर आधारित थे जिनमें उनका एक दोहा सुप्रसिद्ध है मन चंगा तो कठौती में गंगा यानी निर्मल मन में ही ईश्वर का वास होता है कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सचिव संजय अहिरवार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोनू यादव नगर अध्यक्ष संजय गिल्ला मोहन सोनी उमेश तिवारी प्रदीप शर्मा प्रकाश चौरसिया राजकुमार गुप्ता कार्तिकेय वर्मा मुकेश चौहान जाहिद खान बद्री अहिरवार महेश चौधरी मुकेश अहिरवार बलराम अहिरवार प्रकाश अहिरवार बाबूलाल अहिरवार रामदास अहिरवार, आशीष चौधरी सोनू चौधरी मनीष अहिरवार तेजराम राजेश चौधरी राजू अग्रवाल लीला अहिरवार लोकेश अहिरवार हेमराज अहिरवार एवं आसाराम अहिरवार सहित अनेक प्रबुद्ध जन कार्यक्रम शामिल हुए संत रविदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए उनके आदर्श एवं उनकी शिक्षाओं का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद द्वारका चौधरी एवं आभार जितेंद्र चौधरी ने प्रदर्शित किया।

## शासकीय शिक्षिका को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर की शासकीय गांधी माध्यमिक शाला में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका नीता शर्मा पत्नी बीके शर्मा शैक्षणिक सेवा के 37 वर्ष पूर्णकर शनिवार 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में नीता शर्मा ने उद्बोधन में बच्चों से भविष्य के लिये सारगर्भित बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि भविष्य में आपको जो भी कार्यक्षेत्र चुनना है, उसके लिए कठिन परिश्रम एवं अध्ययन करें। लेकिन सबसे पहले एक अच्छा इंसान बने। इस अवसर पर बीआरसीसी राकेश रघुवंशी, संकुल प्राचार्या सुनीता गढ़वाल, राजेश दीक्षित, मैथिलीशरण पटेल, शाला प्रभारी अभिलाषा मीणा, सुनीता तोमर, हेमलता गढ़वाल, प्रमोद परसाई, सीपी साहू, भाईजी गढ़वाल, तिलक वार्ड पार्षद शकुन सराठे सहित शर्मा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इसके बाद शहर के एक निजी मैरिज गार्डन में सहभोज कार्यक्रम किया गया। जिसमें अतिथियों का शर्मा परिवार से अधिवक्ता बीके शर्मा, हरिवंश शर्मा, देवांशू शर्मा, आनन्द शर्मा, देवानंद शर्मा, देवेंद्र शर्मा ने स्वागत किया। इस दौरान सोहागपुर अधिवक्ता संघ सदस्यों सहित जनप्रतिनिधि तथा शर्मा परिवार के करीबी उपस्थित रहे।

### गैस चूल्हा देने के विवाद में पति ने की पत्नी से मारपीट

**सोहागपुर।** सोहागपुर नगर के रघुवंशीपुरा में एक पति ने अपनी पत्नी के साथ इस बात को लेकर मारपीट कर दी कि उसने अपना पुराना गैस चूल्हा जेठानी को दे दिया है। मामले में पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादिया यशोदा केवट पत्नी कामता प्रसाद केवट 27 वर्ष निवासी ग्राम पामली हाल मुकाम रघुवंशीपुरा सोहागपुर ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने अपने पति कामता केवट पिता नंदू केवट 32 वर्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके अनुसार गत रात्रि भोजन दौरान फरियादिया से पति बोला कि तूने गैस चूल्हा तेरी जेठानी को क्यों दिया।

तब महिला ने कहा कि नया चूल्हा मिल गया है, इसलिए मैंने चूल्हा जेठानी को दे दिया। पति ने बोला मुझसे क्यों नहीं पूछा और बगैर पूछे क्यों दिया। इसी बात को लेकर पति ने पत्नी से मारपीट की। मामले में महिला की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 296,115, 351 के तहत केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कक्षा 12 का दीक्षांत समारोह संपन्न

## छात्र जीवन में ध्यान आवश्यक यह चित्त को स्थिरता देता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में कक्षा 12 के भैया एवं बहनों का दीक्षांत समारोह गत दिवस संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोहागपुर संदीपनी स्कूल प्राचार्य रामकिशोर दुबे थे। दुबे ने भैया बहनों से कहा कि छात्र जीवन में ध्यान आवश्यक है, क्योंकि यह चित्त को स्थिरता देता है। इस दौरान विद्यालय संचालन समिति के संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, प्रबंध कार्यकारणी सदस्य सौरभ सोनी, प्राचार्य अशोक कुमार दुबे भी उपस्थित रहे। विद्यालय आचार्य प्रदीप देवलिया ने बताया कि यह आयोजन कक्षा 11 के भैया बहनों द्वारा वरिष्ठ कक्षा के भैया बहनों के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित कर मुख्य अतिथि संदीपनी स्कूल प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने विद्यार्थियों को उदाहरणों की सहायता से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। दुबे ने कविताओं व कहानियों के माध्यम से बात रखी। साथ ही कहा कि विद्यार्थी जीवन के तनाव से मुक्ति के लिए योग एवं ध्यान आवश्यक हैं। इसे हमें दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में कन्नूलाल अग्रवाल, संजीव दुबे व प्राचार्य अशोक दुबे ने भी उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कक्षा 12 वीं के भैया बहनों ने अपने अनुभव साझा किये। कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किए गये।

### शासकीय विद्यालयों में बाटे बच्चों को स्कूल बैग

## सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने उठाया सामाजिक दायित्व का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




नर्मदापुरम जिले में रेत खनन कंपनी सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने एक अनूठी पहल की है शासकीय विद्यालयों में छात्रों के बीच बाटे बच्चों को 1100 स्कूल बैग, दरअसल सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी सीएसआर फंड के तहत सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने इटारसी तहसील स्थित मरोड़ा ग्राम में शासकीय हाई स्कूल,शासकीय प्राथमिक शाला में 245 स्कूल बैग वितरित किए जिसमें स्कूल के प्रधान प्राध्यापक एवं स्थानीय सरपंच कलाबाई मर्सकोले भी उपस्थित रहे। बड़ी बालाभेट शासकीय प्राथमिक शाला में 187 बैग वितरित किए प्रधान पाठक शालक राम कीर, सरपंच महोदया ममता बाई मौजूद रही। पाहनबर्री गांव में शा. एकीकृत माध्यमिक शाला,शा. माध्यमिक शाला बिलखेड़ी में कुल 278 बैग प्रधान पाठिका बर्नादेन इंगिल, मिथिलेश तुमराम सरपंच पाहनबर्री, अनीता ब्रजमोहन यादव ओर कंपनी के प्रतिनिधि, एवं माइनिंग कॉरपोरेशन से गोपाल सिंह उपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पवारखेड़ा खुर्द प्रधान धीरज उइके एवं सरपंच प्रतिनिधि अशोक क़ीर की उपस्थिति में 290 बैग बच्चों बच्चियों को दिये गये। इसके साथ ही कंपनी ने स्कूल में बच्चों को बैठने के लिए बेंच और स्कूल बैग की व्यवस्था का भरोसा दिलाया है। कंपनी की इस पहल पर बच्चे खुशी से झूम उठे। बच्चों ने भी कंपनी का आभार व्यक्त किया है।

सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जिले की सभी वैध खदान का संचालन कर रही है। कंपनी ने सरकार को रिकॉर्ड राजस्व दिया है। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को बड़ी संख्या में रोजगार भी दिया है। कंपनी का सामाजिक कार्यों से जुड़ा अभियान लंबे समय से चल रहा है। कंपनी पौधारोपण, बाउंड्री वॉल का निर्माण, ब्लड डोनेशन कैंप,स्कूल में बेंच टेबल,कंप्यूटर वितरण, सरकारी अस्पताल इटारसी में सोलर प्लांट इंस्टॉलेशन, स्कूलों में गर्म कपड़े, बर्तन, शूज़ स्कूल ड्रेस, मंदिर निर्माण में सहयोग ओर भी कई जन हितैषी कार्य कर रही है। सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर रूपेश पेठे ने कहा कि आगे भी सामाजिक सेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी का उद्देश्य रोजागर सृजन के साथ ही जन सेवा है। इसी रास्ते पर आगे बढ़कर कंपनी काम कर रही है।

## ग्राम लांघा बम्होरी के घातक मोड़ पर पलटी कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के समीप ग्राम लांघा बम्होरी में रविवार सुबह एक कार पलटने से युवक की मृत्यु हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायमी कर जांच प्रारंभ कर दी है। सोहागपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार भोपाल से पचमढ़ी जाते हुए रविवार सुबह ग्राम लांघा बम्होरी के पास भोपाल के चार युवकों अंशुल प्रजापति, दीपक अहिरवार, रोहित कटारे एवं आकाश साहू की कार मोड़ पर सड़क से नीचे गहरे गड्ढे में उतर गई।



घटना में आकाश साहू पिता हरिप्रसाद साहू 28 वर्ष निवासी महामाई 80 फीट के पास भोपाल की कार में दबने से मृत्यु हो गई है। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।

## जमनी मंदिर पर हुआ नेत्र शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के पुण्य जमनी सरोवर धाम परिसर में रविवार को मंदिर महंत गुलशन महाराज की प्रेरणा से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बीएसईबी आई केयर भोपाल एवं नर्मदापुरम् जिला अंधत्व निवारण समिति के सौजन्य से संपन्न हुआ। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर तथा नेत्र सहायक अशोक कुमार शाक्य ने बताया कि डॉ. बीके निचलानी नेत्र विशेषज्ञ भोपाल एवं उनकी टीम के द्वारा शिविर में उपस्थित 45 मरीजों




की जांच की गई। जांच उपरांत 14 मरीजों को ऑपरेशन के लिये बस से भोपाल ले जाया गया है। सभी मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद उन्हें वापस सोहागपुर पहुंचाया जाएगा। शिविर के सफल संचालन में सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम एवं जमनी पुण्य सरोवर धाम से जुड़े भक्तों ने सहयोग किया।

## सर्वेश्वरी देवी धाम की वर्षगांठ मनाई, कन्या पूजन महाआरती की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर के मंडी गेट स्थित सर्वेश्वरी देवी धाम की 14वीं वर्षगांठ मनाई गई वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मंदिर को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया गया तोरण लगाए गए सर्वेश्वरी देवी धाम पर सुबह से ही कन्या पूजन एवं दिनभर देवी भजनों के आयोजन के पश्चात शाम को महा आरती एवं भंडारा प्रसादी के के साथ सर्वेश्वरी देवी का जन्मदिन मनाया गया।



### किसानों की समस्याओं का शिविर में हुआ समाधान

**इटारसी।** सोयाबीन विक्रय के बाद भावांतर भुगतान योजना की राशि के लिए भटक रहे किसानों को बड़ी राहत मिली है। मंडी बोर्ड भोपाल के निर्देश पर 30 और 31 जनवरी को कृषि उपज मंडी गेट पर आयोजित दो दिवसीय समस्या निवारण शिविर में प्राप्त सभी 32 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। तकनीकी कारणों से रुके भुगतान को मंडी एसआई अजबसिंह कीर, तरुण पटेल और अनूप यादव की टीम ने मुख्यालय के सहयोग से ऑनलाइन जुड़कर ठीक किया। मंडी सचिव प्रशांत पांडे स्वयं दो दिनों तक ऑनलाइन नजर रखे हुए थे ताकि कोई भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रहे। विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल ने मंडी बोर्ड के इस प्रयास को सराहनीय बताया।

### अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का दूसरा दिन

# भोपाल, मंडीदीप व हरदा की दमदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के कॉलेज खेल मैदान पर जारी अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को खेले गए मैचों में भोपाल, मंडीदीप एवं हरदा ने जीत हासिल की है। पांच फरवरी को टूर्नामेंट का समापन होगा। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार स्व. ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में हो रहे हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। दूसरे दिन का पहला मुकाबला मंडीदीप व बैतूल के बीच खेला गया, जिसमें मंडीदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैतूल को 3–0 से पराजित किया।



दूसरे मैच में हरदा ने इटारसी को 2–0 से हराकर जीत दर्ज की। दूसरे दिन का तीसरा मैच भोपाल तथा नर्मदापुरम् के मध्य हुआ। कड़े संघर्ष के मुकाबले में ट्राईब्रेकर में भोपाल ने नर्मदापुरम् को मात दी।सभी मैचों में निर्णायक की भूमिका रवि हरदुआ एवं शिवम सनोधिया ने निभाई।

#### ये रहे अतिथि

प्रतियोगिता के दूसरे दिन अतिथि के रूप में पं. प्रकाश मुग्दल, नप अध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सिंचाई विभाग एसडीओ अजय सिंह, कॉलेज संचालन समिति अध्यक्ष कैलाश पालीवाल, कन्नूलाल अग्रवाल, हमीर सिंह चंदेल, अभिलाष सिंह चंदेल, सौरभ अग्रवाल, संतोष मालवीय उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, जयप्रकाश माहेश्वरी, संजय खंडेलवाल, पवन सिंह चौहान, अश्वनी सरोज, शंकरलाल मालवीय, अभिषेक चौहान, सौरभ तिवारी, अभिनव पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

## ग्राम बछवाड़ा में मनाई गई रविदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर



सेक्टर क्रमांक 2 गनेरा के अंतर्गत ग्राम बछवाड़ा में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम बछवाड़ा के पूर्व सरपंच गरीबदास अहिरवार एवं कमलेश अहिरवार एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र गणेश अहिरवार, ऋषभ दुबे, सौरभ अहिरवार एवं ग्राम के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास जी के छाया प्रतीक चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना से किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सीएमसीएलडीपी के छात्र गणेश अहिरवार ने किया कार्यक्रम का आभार कमलेश अहिरवार ने किया आभार सीएमसीएलडीपी के छात्र गणेश अहिरवार ने माना।

### वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान प्रमाण पत्र वितरण किए

**इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता एवं कौशल विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सेबी नागपुर से आए विशेषज्ञ राहुल प्रकाश राव खरवाड़े ने विद्यार्थियों को निवेश के गुर सिखाए। विशेषज्ञ ने डीमैट, ट्रेडिंग और सेविंग अकाउंट के अंतर को समझाते हुए देश में मात्र 27 फीसद वित्तीय साक्षरता पर चिंता जताई और डिजिटल बाजार के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय में संपन्न 25 दिवसीय प्रशिक्षण के सफल 170 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र बांटे।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह और यज्ञोपवीत संस्कार सम्मेलन 6 को

**देवास।** परमपिता परमेश्वर एवं मां चामुण्डा तुलजा भवानी के आशीर्वाद से प्रांतीय महासभा के तत्वावधान में तथा सभी जिला, तहसील एवं ग्रामीण संगठनों के सहयोग से श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस पुण्य आयोजन की मेजबानी का अवसर देवास स्थित जागृति श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन को प्राप्त हुआ है। श्री श्रीगौड़ प्रांतीय महासभा अध्यक्ष जे.पी. नायक और श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज महामंत्री मोहनलाल तिवारी एवं जागृति श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि समाज सेवा के इस महत्त्वपूर्ण कार्य में अधिक से अधिक वर-वधू जोड़ों एवं यज्ञोपवीत संस्कार हेतु बटुकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समाजजनों से सहयोग और प्रेरणा देने की अपील की गई है। यह आयोजन फाल्गुन कृष्ण पंचमी, शुक्रवार, दिनांक 06 फरवरी को श्यामा वाटिका गार्डन, मक्सी रोड, देवास में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने समाज जनो से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की हैं।

### मासिक संगीत कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**देवास।** श्री हरि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित मासिकी संगीत संध्या सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह ग्रुप का 48वां संगीत कार्यक्रम था, जो पूरी तरह देशभक्ति गीतों पर आधारित रहा। कार्यक्रम में लगभग 50 संगीत कलाकारों ने भाग लेकर अपनी मधुर आवाज़ का जादू बिखेरा। ग्रुप अध्यक्ष बंटी मंगरोलिया एवं डायरेक्टर मुस्कान राठौड़ ने बताया कि संस्था द्वारा हर माह नियमित रूप से संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें ग्रुप से जुड़े कलाकार उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य न केवल कलाकारों को मंच देना है, बल्कि संगीत के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाना भी है। इस विशेष आयोजन में प्रस्तुत किए गए देशभक्ति गीतों ने श्रोताओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जगा दी।

---

ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड के तहत थाना खातेगांव पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

# भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले चार वर्ष से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

भरण-पोषण संबंधी वारंटो की प्राथमिकता से तामिली हेतु चलाया जा रहा है अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश भर में चलाए जा रहे "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" अभियान के तहत देवास पुलिस भरण-पोषण संबंधी वारंटों की तामीली को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में खातेगांव पुलिस ने 4 वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन में जिलेभर में मिशन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। थाना खातेगांव पुलिस ने कुटुम्ब न्यायालय इंदौर के प्रकरण क्रमांक MJCR 1167/2023, 1347/2024, 1187/2025, 1186/2025 धारा 125(3) सीआरपीसी के मामले में आरोपी सरफराज पिता मजीद खां निवासी वीर सावरकर मार्ग, वार्ड क्रमांक 06, तालाब की पाल, खातेगांव को 30 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से पुलिस गिरफ्त से बाहर था। कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, 01 मार्च 2025 से अब तक "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" के तहत कुल 16 फरार/स्थाई/गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

---

# प्रश्नोत्तरी स्पर्धा 2026 में दो बहनें सिरमौर, भावना व मानसी गुप्ता को सम्मानित किया

**तीन दलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

यहां श्याम सेवा समिति द्वारा श्रीमद भागवत एवं रामायण ज्ञान गंगा प्रश्नोत्तरी स्पर्धा 2026 शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें शा.उ.मा.विद्धयालय हेलापड़ावा की दो बहनें भावना गुप्ता और मानसी गुप्ता (कक्षा 11 वीं) सिरमौर हुई है। यहां आदर्श शिक्षा निकेतन में आयोजित स्पर्धा में चयनित तीन-तीन दलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें द्वितीय पुरस्कार शा.उत्कृष्ट विद्यालय झिरन्या के विशाल गोलकर एवं युवराज सिरसाटे ने और तृतीय पुरस्कार शा.मॉडल स्कूल झिरन्या के छात्र विकास अनोखीलाल राठौर एवं युवराज भगवान तंवर ने प्राप्त किया। जबकि दीप ज्योति स्कूल भीकनगाव, एजुकेशन पार्क भीकनगांव और संदीपनि स्कूल बमनाला के प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और पवित्र धर्मग्रंथों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। इस प्रश्नोत्तरी-प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि संत राघवानंद भारती और निर्णायक पं.रमेशचंद्र शर्मा,सरपंच प्रतिनिधि लखन मंडलोई,तृप्ति सोहनी आदि थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने की। आयोजन की सफलता पर सुधीर यादव,पीयूष गंगराडे,विकास शर्मा और प्रतीक ठाकुर ने आभार व्यक्त किया है।

---

# जोन कार्यालय निर्माण का विरोध समझाइश के बाद माने रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एबी रोड स्थित बिहारी गंज क्षेत्र में प्रस्तावित नगर निगम झोन कार्यालय के निर्माण को लेकर शनिवार को स्थानीय रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य शुरू किया, जिस पर रहवासियों ने आपत्ति जताई। निगम अधिकारियों द्वारा समझाइश दिए जाने के बाद कार्य फिर से प्रारंभ किया गया। रहवासियों का कहना है कि जिस खाली भूमि पर यह झोन कार्यालय बनाया जा रहा है, वह कॉलोनी की एकमात्र खुली जगह है। इस स्थान का उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जाता है। उनके अनुसार, इस जगह के खत्म होने से कॉलोनीवासियों को काफी परेशानी होगी। नगर निगम देवास के सहायक यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि झोन कार्यालय का निर्माण कलेक्टर की अनुमति से किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलोनी समिति के लोग विरोध कर रहे हैं, लेकिन यह कार्यालय आम जनता की सुविधा के लिए ही बनाया जा रहा है। वर्मा ने बताया कि इस कार्यालय के बनने से वार्ड क्रमांक 01 से 04 और वार्ड क्रमांक 29 से 41 तक के नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाएंगी। इससे लोगों को दूर स्थित मुख्य नगर निगम कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जगदीश वर्मा ने यह भी जानकारी दी कि झोन कार्यालय का निर्माण कार्य लगभग छह माह में पूरा हो जाएगा, जिसके बाद नागरिकों को सीधा लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। फिलहाल, प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

---

### अवकाश दिवस में भी होगी निगम राजस्व वसूली

**देवास।** निगम के विभिन्न राजस्व करों की वसूली के लिए वसूली कर्ताओं के साथ निगम उपयंत्रियों को भी अपने वार्डो मे जलकर वसुली के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार ने दिए। अवैध नल कनेक्शनों पर यदि कोई व्यक्ति वैध करने की राशि जमा नही करता है तो नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ जुर्माने की राशि भी वसुली जाएगी।जलकर वसूली को लेकर वार्ड 17 में उपयंत्री जीवन रावत व टीम द्वारा वार्ड में 120 जलकर बकायादारों से राशि वसूली के लिये सम्पर्क किया। 6 जलकर के बकायेदारों के नल कनेक्शन विच्छेद किये। अवैध नल कनेक्शनों को वैध किये जाने की कार्यवाही में 3 जलकर दाताओं से राशि जमा कर नल कनेक्शन वैध किये। इसी क्रम मे वार्ड 27 मे भी उपयंत्री दिनेश चौहान व टीम ने 29 जलकर बकायादारों से राशि जमा करने हेतु सम्पर्क कर 2 दिवस मे राशि जमा करने हेतु कहा। दी गई समयावधि में राशि जमा नही होने पर नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार वार्ड 6 मे सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री चंदन सोनी व टीम के द्वारा बकाया जलकर दाताओं से लगभग 80 हजार की वसूली के साथ 20 नल कनेक्शन विच्छेद करने के साथ ही अवैध से वैध नल कनेक्शन करने की कार्यवाही की गई।

### 10 महीने बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**बुधनी।** गुरुवा बाबा कॉलोनी में गुरुवार को एक किराए के मकान में नवविवाहिता किरण परी दायमा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। वह 19 साल की थी। किरण ने करीब 10 महीने पहले मंडीदीप निवासी अंकित दायमा से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों बुधनी में किराए के मकान में रह रहे थे। अंकित बुधनी की एक निजी कंपनी में काम करता है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। जिस कमरे में शव मिला, उसका दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा मृतका के परिजनों की मौजूदगी में खोला गया। अंदर किरण का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

---

# बिजली अधिनियम उल्लंघन पर विशेष न्यायालय सख्त, तीन अभियुक्तों को दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बिजली अधिनियम उल्लंघन पर विशेष न्यायालय ने सख्त आदेश जारी किया है। न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए तीन अभियुक्तों को दो-दो वर्ष का सश्रम कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया।

दरअसल वर्ष 2020 में उज्जैन रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एलटी लाइन की केबल काटकर बिजली चोरी करने वाले तीन आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है। 17 अगस्त 2020 को बिजली कंपनी के सतर्कता संकाय ने उज्जैन रोड औद्योगिक क्षेत्र में पाया कि राजेंद्र पिता रामबाबू शर्मा के परिसर में उपयोगकर्ता मोकम सिंह पिता दुले सिंह व इमरान पिता आशिक खान अपना प्लांट संचालन कर रहे है।

और ईशा इंजीनियरिंग और जनता बेकरी के उपक्रमों को सीधे एलटी लाइन से जोड़कर विद्युत चोरी की जा रही थी। बिजली कंपनी की टीम ने मौके पर पंचनामा बनाया था और इसका बिल 9 लाख 38 हजार 486 रु. का 19 अगस्त 2020 को जारी किया गया। समय पर राशि जमा नहीं करने पर 18 दिसंबर 2020 को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 138 के तहत प्रकरण दर्ज करवाया और न्यायालय में पहुंचा। विशेष न्यायाधीश अभिषेक गौड़ ने आरोपी राजेंद्र, मोकम व इमरान पर दोष सिद्ध होने पर 2-2 साल की सजा सुनाई है।

आरोपी मोकम सिंह को 30 हजार रु. राजेंद्र को 15 हजार व इमरान को 21 हजार रु. का दंड दिया है। बिजली कंपनी की दो गुना राशि 16 लाख 26 हजार 970 रु. तीन महीने में जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

---

# कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुरस्कार वितरण और विदाई समारोह किया आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में वार्षिक गतिविधियों के साथ कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की छात्राओं को बिदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, विशेष अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नीता शर्मा ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय जोशी ने अपने उद्बोधन में पुरस्कार प्राप्त सभी छात्राओ को बधाई देते हुए कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की छात्राओ को बोर्ड परीक्षा में अधिक मेहनत एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथि नगर परिषद उपाध्याय जय सिंह राणा के द्वारा भी सभी छात्राओं को बधाई दी गई और घोषणा की गई की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को मेरी ओर से 11- 11 हजार रुपए नगर पुरस्कार दिया जाएगा।

प्राचार्य नीता शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का बेज लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष चौरसिया ने किया। विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन शिक्षक ओमप्रकाश मालवीय ने किया। इस अवसर पर जगदीश चंद्र सोलंकी, भोला सिंह यादव, जितेंद्र बागड़िया, प्रवीण पारस, उषा दुबे, अगस्त्य चौहान, उपासना संधालक, निकिता रावल, एवं कमल यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार मोहिनी निर्मल ने माना।

---

# शहीद दिवस के रूप में मनाया बलिदान का दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहीदी को शहीद दिवस के रूप में बागली न्यायालय परिसर में 30 जनवरी को श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश एस.आर. सिनम ने कहा कि समाज से भेदभाव, ऊंच-नीच और असमानता का पूर्ण रूप से विलोप तभी संभव है, जब हम महात्मा गांधी के विचारों को केवल भाषणों तक सीमित न रखकर अपने आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि हमारी कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए।

पुरानी कहावत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि "मुंडा देखकर टीका करना" जैसी सोच समाज को पीछे ले जाती है। निष्ठा और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात कर ही हम समाज के समक्ष एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधीवादी विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी स्वतंत्रता आंदोलन के समय थी। सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम के दौरान न्यायालय परिवार, अधिवक्तागण एवं उपस्थितजनों ने गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान न्यायाधीश स्वाती धारीवाल, वीणा अग्निहोत्री अधिवक्तारवि जाटव, भूपेंद्र कटारिया, मानक आटारिया, प्रभु लाल डोडवे, शेखर मराठा एवं न्यायालयीन कर्मचारी कमल खींची एवं अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

---

देवास रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी के यात्रियों को नहीं मिल रही मुख्य ट्रेनें, स्टॉपेज की मांग

# डीआरएम रेलवे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रेलवे स्टेशन देवास से लंबी दूरी की मुख्य ट्रेनें बाईपास होकर जा रही है, जिससे कि देवास औद्योगिक नगरी सहित जिले भर के हजारों यात्रियों की फजीहत हो रही है। लंबी दूरी की रेल यात्रियों को मजबूरन आसपास के शहरों में जाकर ट्रेन में बैठना पड़ रहा है।

समस्या के निराकरण के लिए नगर जनहित सुरक्षा समिति द्वारा डीआरएल रेल्वे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल के नाम स्टेशन स्टेशन प्रबंधक आर. एस. यादव को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि जिले सहित आसपास के हजारों यात्रियों को वर्ष भर अन्य शहरों जैसे भोपाल, इटारसी, कानपुर, लखनऊ,नागपुर, छतरपुर, इलाहाबाद, लखनऊ गोरखपुर अयोध्या बनारस आदि स्थानों पर आने जाने के लिए पूरे वर्षभर रेल सेवा की आवा जाही रहती है। देवास शहर औद्योगिक जिला के अंतर्गत आता है, जबकि वंदे भारत एवं इंदौर प्रयागराज जैसी मुख्य रेल सुविधाओं से देवास व आसपास के हजारों यात्री वंचित हो रहे हैं। इनका भी स्टापेज़ सप्ताह में एक-दो दिन देवास में होना चाहिए, जबकि केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत देवास रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण के तहत करोड़ों रुपए खर्च के बाद भी यात्रियों की परेशानी कम नहीं हो रही है। लंबी दूरी की गाड़ियों का यहां पर ना आना आश्चर्यजनक माना जा रहा है। लंबी दूरियों की गाड़ी इंदौर से फतेहाबाद होकर जा रही है। समिति ने देवास जिले के हजारों यात्रियों की परेशानी के चलते पूर्व में भी पत्र व्यवहार के माध्यम से संबंधित उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। बावजूद उत्तर भारत में जाने वाले यात्रियों की समस्या का निराकरण न होना देवास जैसे ओद्योगिक जिले के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

इन शहरों में जाने के लिए नई गाड़ी चलाई जाना आवश्यक हो गया है, क्योंकि जो इंदौर से पटना एक्सप्रेस है उसमें भी कई यात्रियों को खड़े रहने तक की भी जगह नहीं मिल पाती। जिससे यात्रियों के समय एवं धन की बर्बादी हो रही है। समिति अनिल सिंह बेस, विनोद सिंह गोड, सुनील सिंह ठाकुर, विजय सिंह तंवर, तकिउद्दीन काजी, सुभाष वर्मा सुरेश रायकवार, अनूप दुबे उमेश राय, सतनारायण यादव ओम प्रकाश पटेल आदि ने जनहित में लंबी दुरी की गाड़ियों की देवास में शीघ्र स्टापेज़ कर व नई गाड़ी शुरू करने की मांग डीआरएम रेलवे पश्चिम क्षेत्र रतलाम मंडल से की है।

---

# भगवान श्री देवनारायण विष्णु यज्ञ, कथा और मेले का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम पांदाजागीर में सात दिवसीय ज्ञान गंगा यज्ञ के साथ ही भगवान देवनारायण की कथा का आयोजन भी रखा गया है। इस अवसर पर मेला भी आयोजित किया जा रहा है। मेले के दुकानदारो के लिए लाइट एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति की ओर से रहेगी।

कथा वाचक आगर मालवा के सुप्रसिद्ध सूरज सिंह बना साहब ग्राम इकलेरा जिला आगर के मुखारविंद से भगवान देवनारायण की कथा का वाचन किया जाएगा एवं यज्ञकर्ता यज्ञ आचार्य पंडित रामेश्वर शर्मा ग्राम कुडाना शाजापुर द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन 2, फरवरी मंगलवार से 8 फरवरी-तक आयोजित होगी। इसी दिन यज्ञ की पूर्णाहुति एवं कथा का समापन होगा। महाप्रसादी आरती पश्चात वितरण की जाएगी। कथा का स्थान देवनारायण मंदिर प्रांगण नेवरी बागली मार्ग पांदा जागीर तहसील सोनकच्छ रहेगा।